# अधीक्षण अभियंता, कार्य अंचल–01 का कार्यालय
# बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, पटना, बिहार।

**दिनांक– 14.08.2024 को पूनर्मूल्यांकन हेतु निविदा तकनीकी मूल्याकंन समिति की संपन्न बैठक की कार्यवाही:–**

बैठक में कार्य प्रमण्डल, दरभंगा के अंतर्गत मधुबनी जिला के पुलिस केन्द्र, मधुबनी में प्रस्तावित भवनों का विद्युतिकरण सहित निर्माण कार्य के लिए निविदा आमंत्रण सूचना सं0–01/एस0बी0डी0/2024–25 के ग्रुप सं0–01 द्वारा आमंत्रित पुनर्निविदा के अंतर्गत प्राप्त बीड के तकनीकी बीड पर दिनांक 12.08.2024 को किये गये मूल्यांकन के पश्चात् कुछ नये तथ्यों की जानकारी के संज्ञान में आने के फलस्वरूप तकनीकी बीड का **पुनर्मूल्यांकन** किया गया।

1. उपस्थिति:–

| | |
|---|---|
| 1. श्री प्रकाश चन्द्र, अधीक्षण अभियंता (मोनेटरींग), मुख्यालय, पटना | – संयोजक |
| 2. श्री सपलेश्वर मंडल, अधीक्षण अभियंता, कार्य अंचल–01, मुख्यालय, पटना | – अध्यक्ष |
| 3. श्री हेमंत कुमार, मुख्य लेखा पदाधिकारी, मुख्यालय, पटना | – सदस्य |
| 4. श्री विद्या भूषण प्रसाद, तकनीकी सलाहकार, कार्य अंचल–1, मुख्यालय, पटना | – सदस्य |
| 5. श्री मिथिलेश कुमार, कार्यपालक अभियंता, दरभंगा प्रमण्डल, दरभंगा | – सदस्य |
| 6. श्री मोनु कुमार ठाकुर, सहायक अभियंता, कार्य अंचल–01, पटना | – सदस्य |

2. निविदा के संबंध में विवरण:–

| | | |
|---|---|---|
| 2.1 | कार्य का नाम | – मधुबनी जिलान्तर्गत पुलिस केन्द्र, मधुबनी में प्रस्तावित भवनों का विद्युतिकरण सहित निर्माण कार्य। (पुनर्निविदा) |
| 2.2 | प्रमण्डल का नाम | – दरभंगा प्रमण्डल, दरभंगा |
| 2.3 | राज्यादेश की राशि एवं प्रसंग | – रू0– 54,97,21,000/–<br>ज्ञापांक06/योजना–01–03/2023गृ0आ03956/पटना, दिनांक 28.03.2023 |
| 2.4 | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | – रू0–54,92,90,100/–<br>एच0क्यू0 880 (अनु0), दिनांक–12.03.2024 |
| 2.5 | तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | – रू0– 50,34,30,350/– ज्ञापांक– अभि0 4889 पटना, दिनांक 16.03.2024 |
| 2.6 | परिमाण विपत्र की राशि | – रू0–50,34,30,303/– |
| 2.7 | निविदा की प्रक्रिया | – e-tender (SBD) |
| 2.8 | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि | – 29.07.2024 |
| 2.9 | कार्य समाप्ति की अवधि | – 17 माह |
| 2.10 | प्राप्त निविदा की संख्या | – 05 (पाँच अदद)<br>1. Macro Ranjan Construction Private Limited<br>2. M/s Daya Ram Singh<br>3. M/s Gobinda Construction<br>4. M/s Surendra Prasad Singh<br>5. M/s Systematic and Advance Construction Pvt. Ltd. |
| 2.11 | प्राप्त निविदा पुनर्निविदा है या नहीं | – पुनर्निविदा है। |

3. तकनीकी बीड का मूल्याकंनः–

3.1 ई0–निविदा सूचना संख्या– 01/एस0बी0डी0/2024–25 के ग्रुप संख्या–01 में 05 (पाँच अदद्) निविदाकारों यथा 1. Macro Ranjan Construction Private Limited 2. M/s Daya Ram Singh 3. M/s Gobinda Construction 4. M/s Surendra Prasad Singh 5. M/s Systematic and Advance Construction Pvt. Ltd. द्वारा भाग लिया गया है।

3.2 निविदा में प्रतिभागी निविदादाताओं के अग्रधन का सत्यापन कराया गया है एवं सही पाया गया है।

3.3 निविदा में प्रतिभागी निविदादाताओं के कार्यानुभव प्रमाण–पत्र का सत्यापन प्रमाण पत्र निर्गत करने वाले कार्यालय से करा लिया गया है एवं सही पाया गया है।

3.4 प्रतिभागी निविदाकार के तकनीकी बीड की समीक्षोपरान्त स्थिति निम्नवत् पायी गयी है:–

A. **Macro Ranjan Construction Pvt. Ltd.-** परिमाण विपत्र के अनुसार इस कार्य की प्राक्कलित राशि रू0 50,34,30,303/– (पचास करोड़ चौत्तीस लाख तीस हजार तीन सौ तीन) मात्र है। इस निविदा का प्रकाशन वर्ष 2024–25 में हुआ है। इस प्रकार विगत पाँच वर्ष यथा 2019–20 से 2023–24 के वार्षिक Turnover के आधार पर निविदा का मूल्यांकन किया जाना अपेक्षित है। लेखा शाखा द्वारा वर्ष 2018–19 के Turnover रू0 22,28,08,002/– के आधार पर इनका Bid Capacity रू0 112.16 करोड़ परिगणित किया गया है। इसके आधार पर प्रथम मूल्यांकन में इनका तकनीकी बीड मान्य योग्य पाया गया था। जबकि वस्तुस्थिति यह है कि वर्ष 2019–20 से 2022–23 की अवधि में इनका अधिकतम Turnover वर्ष 2019–20 में रू0 79,31,7903 है इसके आधार पर इनका Bid Capacity मात्र रू0 18.89 करोड़ परिगणित हो रहा है जो इस निविदा के लिए वांछित रू0 25.17 करोड़ से कम है।
निविदा के साथ इनके द्वारा दिनांक 16.08.2016 को निबंधित Adyaraj Developers Pvt. Ltd. & Macro Ranjan Construction Pvt. Ltd. के Joint Venture के Agreement का कागजात संलग्न किया गया है। जबकि किसी भी निविदा में Joint Venture के रूप में भाग लेने के लिए उस निविदा विशेष के लिए Joint venture का Agreement आवश्यक है। अतः इस निविदा के लिए Joint Venture मान्य नहीं है। अतः इस निविदा के लिए Macro Ranjan Construction Pvt. Ltd. को स्वतंत्र निविदाकार के रूप में प्रतिभागी माना जा सकता है।

दिनांक 02.08.2024 को संपन्न भवन निर्माण विभाग के तकनीकी बीड के निष्पादन हेतु विभागीय निविदा समिति की बैठक में रू0 48,46,18,583/– मात्र की निविदा के लिए निविदाकार Macro Ranjan Construction Pvt. Ltd. के तकनीकी बीड को असफल घोषित किया गया है।

उपर्युक्त पुनर्मूल्यांकन के अनुसार Macro Ranjan Construction Pvt. Ltd. तकनीकी बीड की अर्हता को पूरा नहीं कर रहे हैं।

B. **M/s Daya Ram Singh** द्वारा तकनीकी बीड के साथ अर्हता संबंधी वांछित सभी कागजात संलग्न किया गया है।

C. **M/s Gobinda Construction** द्वारा तकनीकी बीड के साथ अर्हता संबंधी वांछित सभी कागजात संलग्न किया गया है।

D. **M/s Surendra Prasad Singh** द्वारा तकनीकी बीड के साथ अर्हता संबंधी वांछित सभी कागजात संलग्न किया गया है।

E. **M/s Systematic And Advance Construction Pvt.** Ltd. द्वारा तकनीकी बीड के साथ अर्हता संबंधी वांछित सभी कागजात संलग्न किया गया है।

4. निविदा तकनीकी मूल्यांकन समिति का निर्णयः–

4.1 निविदा में प्रतिभागी पाँच निविदाकारों में से एक निविदाकार Macro Ranjan Construction Private Limited को SBD के ITB Cl. 4.7 के अनुसार तकनीकी बीड की अर्हता को पूरा नहीं करते हैं। शेष चार निविदाकार यथा 1. M/s Daya Ram Singh 2. M/s Gobinda Construction 3. M/s Surendra Prasad Singh एवं 4. M/s Systematic and Advance Construction Pvt. Ltd. तकनीकी बीड कि अर्हता को पूरा करते हैं। दिनांक 12.08.2024 को संपन्न तकनीकी निविदा मूल्यांकन समिति की बैठक में लिये गये निर्णय को इस हद तक संशोधित समझा जाय।

4.2 निविदा तकनीकी मूल्यांकन समिति के उपर्युक्त निर्णय को निगम के वेबसाईट पर प्रदर्शित करने के साथ–साथ निविदाकार को उनके e-mail से सूचित किया जाय।

4.3 तकनीकी बीड के उपरोक्त निर्णय के विरूद्ध **दिनांक 15.08.2024 के दोपहर 2:00 बजे** तक आपत्ति दर्ज की जा सकती है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 14.08.2024 AE-1 | 14.8.24 | 14/08/24 | On leave |
| सहायक अभियंता<br>कार्य अंचल–01 | कार्यपालक अभियंता<br>दरभंगा प्रमण्डल, दरभंगा | तकनीकी सलाहकार<br>कार्य अंचल–1 | मुख्य लेखा पदाधिकारी<br>मुख्यालय, पटना |

| | |
|---|---|
| 14.8.24 | 14/8/2024 |
| अधीक्षण अभियंता<br>कार्य अंचल–1 | अधीक्षण अभियंता (मोनेटरींग)<br>मुख्यालय, पटना |